CCE-III-RR/PF(A)/111/7110

**A**

ಆಗಸ್ಟ್ 2024 ರ ಪರೀಕ್ಷೆ-3

**AUGUST 2024 EXAMINATION-3**

ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 12 ]

Total No. of Printed Pages : 12 ]

ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 38 ]

Total No. of Questions : 38 ]

**CCE RR/PF**
**FULL SYLLABUS**

Question Paper Serial No.

ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : **60-H**

Code No. : **60-H**

# ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ (NCERT)

# Subject : Third Language — HINDI (NCERT)

**( ಶಾಲಾ ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / ಖಾಸಗಿ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ )**

**( Regular Repeater / Private Fresh )**

ದಿನಾಂಕ : 03. 08. 2024 ] [ Date : 03. 08. 2024

ಸಮಯ : ಬೆಳಗ್ಗೆ 10-15 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ್ನ 1-15 ರವರೆಗೆ ] [ Time : 10-15 A.M. to 1-15 P.M.

ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 80 ] [ Max. Marks : 80

**Cut here** /ಇಲ್ಲಿ ಕತ್ತರಿಸಿ

***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :***

1. इस प्रश्नपत्र में कुल 38 प्रश्न हैं।
2. यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है । परीक्षा प्रारंभ होने के समय **आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग** को काटकर खोलें **(तीर का अनुसरण करें)। प्रश्नपत्र खोलने के लिए बायें भाग को न काटें।** जाँच करें कि प्रश्नपत्र के सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं ।
3. प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें।
4. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं।
5. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने के 15 मिनट भी शामिल हैं।
6. आप यह सुनिश्चित कर लें कि आपको दिए गए प्रश्नपत्र का संस्करण (Version) और आपके प्रवेशपत्र में मुद्रित प्रश्नपत्र का संस्करण (Version) एक ही हो।

यहाँ से काटिए

**TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER**
**प्रश्नपत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें**

**03. 08. 2024**

**Tear here**

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प सुझाए गये हैं, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए :** **8 × 1 = 8**

1. 'उपस्थिति' शब्द का विलोम शब्द है –

(A) अनुपस्थिति (B) घनउपस्थिति

(C) स्थिति (D) समस्थिति

2. 'उम्मीद' शब्द का पर्यायवाची शब्द है –

(A) आत्मीय (B) भरोसा

(C) उल्लास (D) भावुक

3. निम्न में से बहुवचनरूपी शब्द है –

(A) आँख (B) सागर

(C) पाठशाला (D) दीवारें

4. 'देवालय' शब्द में संधि है –

(A) दीर्घ संधि (B) यण् संधि

(C) गुण संधि (D) वृद्धि संधि

5. 'रात-दिन' शब्द में समास है -

(A) तत्पुरुष (B) द्विगु

(C) द्वंद्व (D) कर्मधारय

6. निम्न में से उपसर्गयुक्त शब्द है -

(A) बुद्धिमान (B) शक्तिशाली

(C) स्नेहहीन (D) अज्ञात

7. 'बाट जोहना' मुहावरे का अर्थ है -

(A) चकित रहना (B) प्रतीक्षा करना

(C) प्रभात होना (D) भाग जाना

8. सच बताओ तुम कौन हो ?

उपर्युक्त वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है -

(A) विस्मयादिबोधक (B) उद्धरण

(C) प्रश्नवाचक (D) पूर्ण विराम

**II. सही वाक्यांश को जोड़कर लिखिए :** **4 × 1 = 4**

| | अ | | ब |
|---|---|---|---|
| 9. | तोप | a) | रवींद्रनाथ ठाकुर |
| 10. | व्यावहारिकता को पहचाननेवाला | b) | करुणामय |
| 11. | बड़े भाई साहब | c) | 1857 का |
| 12. | आत्मत्राण | d) | प्रैक्टिकल आइडियालिस्ट |
| | | e) | अध्ययनशील व्यक्ति |
| | | f) | सुमित्रानंदन पंत |
| | | g) | 1931 का |

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए :** **4 × 1 = 4**

13. बंगाल प्रांतीय विद्यार्थी संघ के मंत्री कौन थे ?

14. लेखक केलेकर के अनुसार शुद्ध सोना कैसा होता है ?

15. कविता में कर्ण की दान के बारे में क्या-क्या बताया गया है ?

16. तोप किनसे फ़ारिग होता है ?

**IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में लिखिए : 8 × 2 = 16**

17. तताँरा के तलवार के बारे में लोगों की राय बताइए।

18. शैलेंद्र के अनुसार कलाकार के कर्त्तव्य क्या-क्या होने चाहिए ?

19. लेखक की माँ शाम के समय में पेड़ों से पत्ते तोड़ने के लिए क्यों मना करती थी ?

20. 'मनुष्यता' कविता के अनुसार उदार व्यक्ति की पहचान बताइए।

21. झरते हुए झरनों के बारे में कवि सुमित्रानंदन पंत ने क्या कहा है ?

22. 'आत्मत्राण' कविता के अंत में कवि करुणामय से किस प्रकार अनुनय करते हैं ?

23. हरिहर काका को महंत के व्यवहारों से क्या अनुभव होने लगा था ?

**अथवा**

हरिहर काका को महंत और अपने भाई एक ही श्रेणी में क्यों लगने लगे ?

24. टोपी ने इफ़्फ़न से दादी बदलने की बात क्यों कही ?

**अथवा**

अगली श्रेणी में पहुँचने के बाद लेखक का बालमन क्यों काँप उठता था ?

**V. क) निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए : 9 × 3 = 27**

25. हुज़ूर ! यह तो जनशांति भंग हो जाने जैसा कुछ दीख रहा है।

26. खुला चैलेंज देकर ऐसी सभा पहले नहीं की गई थी।

27. कस्तूरी कुंडलि बसै, मृग ढूँढ़ै बन माँहि।

**ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए :**

28. बड़े भाई साहब के गुण एवं विशेषताओं के बारे में विवरण दीजिए।

29. निकोबार के लोग तताँरा को क्यों पसंद करते थे ?

30. 'कर चले हम फ़िदा' कविता में धरती को दुलहन कहा गया है। स्पष्ट कीजिए।

31. मीराबाई के अनुसार श्रीकृष्ण के रूप–सौंदर्य का वर्णन कीजिए।

32. **निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :**

कागद पर लिखत न बनत, कहत सँदेसु लजात।

कहिहै सबु तेरौ हियौ, मेरे हिय की बात।।

33. **गद्यांश का अनुवाद कन्नड या अंग्रेजी में कीजिए :**

सीताराम सेकसरिया का जन्म1892 में राजस्थान के नवलगढ़ में हुआ। उन्होंने महात्मा गाँधी के आह्वान पर स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लिया। वे आज़ाद हिंद फौज़ के मंत्री भी रहे।

**VI. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच-छः वाक्यों में लिखिए : 2 × 4 = 8**

34. वज़ीर अली एक जाँबाज़ सिपाही था, कैसे ? स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

वज़ीर अली कंपनी के वकील का कत्ल करने के कारणों को स्पष्ट कीजिए।

35. **निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए :**

सारे शीतल ..............................................

..........................................................

..........................................................

......................................... तुझ में मिल' !

**VII.** 36. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिये गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **1 × 4 = 4**

भारतीय संस्कृति में तुलसी पादप का स्थान अद्वितीय है। इसे लक्ष्मी का पादपावतार एवं 'विष्णुप्रिया' भी कहा गया है। इसीलिए यह प्रत्येक भारतीय परिवार के घर-आँगन की शोभा बढ़ाती है। तुलसी अनेक प्रकार से उपयोगी एवं रोगहारी शक्तिवाला पादप है। इसके पौधों व पत्तियों से ऐसी गंध निकलती है, जिसके प्रभाव को देखकर संतों-महात्माओं ने इसको पूजन-अर्चन में अनिवार्यता प्रदान की। तुलसी अपने लोकमंगलकारी स्वभाव एवं प्रभाव से ही लोकपोषक विष्णु को अत्यंत प्रिय है। तुलसी को लक्ष्मी एवं वृंदा का वृक्षावतार कहा गया

है। वैष्णव साधु-समाज में कहा जाता है-'आठ पहर चौबीस घड़ी। ठाकुर पर ठकुराइन चढ़ी।' अर्थात् विष्णु की प्रतिमा एवं शालिग्राम पर तुलसीदल नित्य-निरंतर समारूढ़ रहते हैं।

**प्रश्न :**

अ) तुलसी भारतीय परिवारों में समादरित क्यों है ?

आ) संत-महात्माओं ने तुलसी को पूजन-अर्चन में अनिवार्यता क्यों प्रदान किये थे ?

इ) विष्णु को तुलसी क्यों अत्यंत प्रिय है ?

ई) 'आठ पहर चौबीस घड़ी। ठाकुर पर ठाकुराइन चढ़ी।' इस वाक्य का अर्थ बताइए।

**VIII.** 37. **दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 12 - 15 वाक्यों में किसी एक विषय के बारे में निबंध लिखिए :** **1 × 4 = 4**

**क) खेलों का महत्व**

* प्रस्तावना
* प्रकार
* लाभ
* उपसंहार

ख) परिसर मालिन्य

✳ प्रस्तावना

✳ मलिनता के कारण

✳ परिहारोपाय

✳ उपसंहार

ग) पाठशाला

✳ प्रस्तावना

✳ विषय विस्तार

✳ उपसंहार

**IX. निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए :** **1 × 5 = 5**

38. आपको विभा/वरुण मानकर एक उचित कारण देते हुए तीन दिनों की छुट्टी के लिए अपने कक्षा अध्यापक को एक पत्र लिखिए।

**अथवा**

शाला शैक्षिक यात्रा के लिए अपने पिताजी से 1,000/- रुपये और अनुमति माँगते हुए एक पत्र लिखिए।

DO NOT WRITE ANYTHING HERE